1. 'कहते हैं कि विद्या से आदमी की बुद्धि ठीक हो जाती है, पर यहाँ उल्टा ही देखने में आता है। यह हाकिम और अमले तो पढ़े-लिखे विद्वान होते हैं, लेकिन किसी को दया धर्म का विचार नहीं होता।'
उपर्युक्त पंक्तियाँ मुंशी प्रेमचंद के 'प्रेमाश्रम' उपन्यास के किस पात्र ने कही हैं ?
(A) गिरधर
(B) मनोहर
(C) सुक्खू
(D) दुखरन

2. 'कबीरपरिचई' के रचयिता हैं :
(A) सींगा
(B) अनंतदास
(C) चेतनदास
(D) हरिदास निरंजनी

3. 'डायरी के नीरस पृष्ठ' निम्नलिखित में से किसकी रचना है ?
(A) मोहन राकेश
(B) इलाचन्द्र जोशी
(C) धर्मवीर भारती
(D) शिवपूजन सहाय

4. 'अष्टछाप' के प्रसिद्ध कवि कुम्भनदास के सबसे छोटे पुत्र थे :
(A) चतुर्भुजदास
(B) छीतस्वामी
(C) कृष्णदास
(D) नन्ददास

5. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की जीवनी पर लिखित पुस्तक 'निराला की साहित्य साधना' निम्नलिखित में से किस लेखक द्वारा रचित है ?
(A) विष्णु प्रभाकर
(B) आचार्य चंद्रशेखर शुक्ल
(C) शांति जोशी
(D) रामविलास शर्मा

6. प्रेमचंद ने अपने हिंदी उपन्यास 'सेवासदन' और 'रंगभूमि' उर्दू में क्रमशः किस नाम से लिखे थे ?
(A) बाजारे-हुस्न, चौगाने-हस्ती
(B) बाजारे-हुस्न, गोशए-आफ़ियत
(C) चौगाने-हस्ती, गोशए-आफ़ियत
(D) चौगाने-हस्ती, हमखुर्मा व हमसवाब

7. 'जो कहा नहीं गया' आत्मकथा की लेखिका हैं :
(A) मैत्रेयी पुष्पा
(B) पद्मा सचदेव
(C) कुसुम अंसल
(D) कृष्णा अग्निहोत्री

8. 'जब-जब पनघट जाऊँ सखी-री वा जमुना के तीर।
भरि-भरि जमुना उमड़ चलति, इन नैनन के नीर॥'
उपर्युक्त दोहा कौन-सी शब्द शक्ति का उदाहरण है ?
(A) आर्थी व्यंजना
(B) शाब्दी व्यंजना
(C) लक्षणा
(D) अभिधा

8111141064



Scanned with OKEN Scanner

9. निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल द्वारा रचित *नहीं* है ?

(A) रातरानी
(B) भँवर
(C) रक्तकमल
(D) अंधा कुआँ

10. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची I (रचनाएँ)** | | **सूची II (प्रकाशन वर्ष/लेखन वर्ष)** |
|---|---|---|---|
| a. | प्रियप्रवास | i. | 1925 |
| b. | पद्यप्रसून | ii. | 1932 |
| c. | वैदेही-वनवास | iii. | 1940 |
| d. | चोखे-चौपदे | iv. | 1914 |

**कूट :**

(A) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(B) a-iv, b-i, c-iii, d-ii
(C) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(D) a-iii, b-iv, c-ii, d-i

11. 'किरातार्जुनीय' का कथानक महाभारत के कौन-से पर्व के कुछ अध्यायों पर आश्रित है ?

(A) शांति पर्व
(B) वनपर्व
(C) सभापर्व
(D) विराट पर्व

12. निम्नलिखित में से कौन-सा आलोचना ग्रंथ शांतिप्रिय द्विवेदी का *नहीं* है ?

(A) हमारे साहित्य निर्माता
(B) साहित्यिकी
(C) कवि और काव्य
(D) काव्य में रहस्यवाद

13. 'इंसानियत' शब्द में प्रत्यय है :

(A) इयत
(B) ईयत
(C) अनियत
(D) नियत

14. 'क्षणिक' शब्द का विलोम शब्द है :

(A) प्रामाणिक
(B) मुदित
(C) नष्ट
(D) शाश्वत

15. निम्नलिखित में से सियारामशरण गुप्त की रचना *नहीं* है :

(A) पथिक
(B) मौर्यविजय
(C) विषाद
(D) दूर्वादल

16. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य चुनिए :

(A) क्या यह संभव हो सकता है।
(B) जल्दी वापस लौट कर आना।
(C) इन बातों को फिर से दोहराने से क्या लाभ।
(D) यहाँ बीमारियों की दवा मुफ्त मिलती है।

17. 'समुद्रोर्मि:' शब्द में संधि है : अ/आ + उ = ओ

(A) दीर्घ सन्धि
(B) वृद्धि सन्धि
(C) यण् सन्धि
(D) गुण सन्धि

18. संवत् 1241 में 'कुमारपाल प्रतिबोध' नामक एक गद्य पद्यमय संस्कृत-प्राकृत काव्य निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखा गया ?

(A) विद्याधर
(B) सोमप्रभ सूरि
(C) हेमचंद्र
(D) जैनाचार्य मेरुतुंग

19. हिंदी में लिखी गई 'चैतन्य महाप्रभु' जीवनी के लेखक हैं :

(A) पं. ललिताप्रसाद
(B) अमृतलाल नागर
(C) बलदेव उपाध्याय
(D) भदंत आनंद कौसल्यायन

20. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही ***नहीं*** है ?

(A) भानूदय: – दीर्घ सन्धि
(B) गायक: – अयादि सन्धि
(C) महौज: – वृद्धि सन्धि
(D) पित्रौदार्यम् – गुण सन्धि

21. 'छत्रपति शिवाजी' जीवनी के लेखक हैं :

(A) पंडित जवाहरलाल नेहरू
(B) महात्मा गांधी
(C) नेताजी सुभाष चंद्र बोस
(D) लाला लाजपत राय

22. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (लेखक) | | सूची II (कहानियाँ) |
|---|---|---|---|
| a. | प्रेमचंद | i. | इंद्रधनुष |
| b. | जयशंकर प्रसाद | ii. | वातायन |
| c. | पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' | iii. | इंद्रजाल |
| d. | जैनेन्द्र | iv. | तावान |

**कूट :**

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(C) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(D) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

23. 'अजा सहेली तासु रिपु, ता जननी भरतार।
ताके सुत के मित्र को, भज तु बारंबार ॥'
उपर्युक्त दोहे में कौन-सा काव्य दोष है ?

(A) निहतार्थत्व
(B) निरर्थकत्व
(C) श्रुतिकटुत्व
(D) क्लिष्टार्थत्व

8111141064



Scanned with OKEN Scanner

24. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (कवि) | | सूची II (रचनाएँ) | |
|---|---|---|---|
| a. | बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' | i. | विषाद |
| b. | सियारामशरण गुप्त | ii. | जीवन संगीत |
| c. | जगन्नाथप्रसाद मिलिंद | iii. | रश्मिरेखा |
| d. | केदारनाथ मिश्र 'प्रभात' | iv. | ज्वाला |

कूट :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-ii, b-i, c-iii, d-iv
(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(D) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

8111141064

25. निम्नलिखित में से किस शब्द में योजक चिह्न का सही प्रयोग हुआ है ?

(A) पद-च्युत
(B) घर-द्वार
(C) काशी-वासी
(D) कृष्ण-रूपी

26. 'कौन करेजो नहि कसकत सुनि बिपति बालबिधवन की'
प्रस्तुत पंक्ति भारतेंदु युग के किस कवि द्वारा रचित है ?

(A) राधाकृष्ण दास
(B) प्रतापनारायण मिश्र
(C) प्रेमघन
(D) अंबिकादत्त व्यास

27. निम्नलिखित में से कौन-सा संचारी भाव का भेद ***नहीं*** है ?

(A) निर्वेद
(B) शंका
(C) आलम्बन
(D) विषाद

8111141064

28. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :

(A) उसने तरह-तरह का रूप धारण किया।
(B) वह किताब पर आँख गड़ाये पढ़ रही थी।
(C) यहाँ सभी प्रकार की दवाइयाँ मिलती हैं।
(D) मानस के रचियता तुलसीदास हैं।

29. निम्नलिखित में से किस लेखक के अनुसार, प्रसाद के काव्य में 'मानवीय भूमि', निराला के काव्य में 'बुद्धि तत्त्व' तथा पंत के काव्य में 'कल्पना' की प्रधानता है ?

(A) नंददुलारे वाजपेयी
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) शांतिप्रिय द्विवेदी
(D) डॉ. नगेन्द्र

30. महाकवि माघ के पिता का नाम क्या था ?

(A) विष्णुदेव
(B) धर्मराज
(C) सुप्रभदेव
(D) दत्तक

8111141064

Scanned with OKEN Scanner

31. निम्नलिखित में से ***असंगत*** का चयन कीजिए :

(A) श्रद्धा – भगवान के प्रति आदर भाव
भक्ति – गुणवान के प्रति आदर भाव

(B) योग्यता – कार्य करने का मानसिक सामर्थ्य
क्षमता – कार्य करने का शारीरिक सामर्थ्य

(C) प्रसाद – कृपा
प्रासाद – महल

(D) मृत्यु – सामान्य व्यक्ति का देहांत
निधन – महान व्यक्ति का देहांत

32. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना राजशेखर की ***नहीं*** है ?

(A) बालरामायण
(B) अनर्घराघव
(C) काव्यमीमांसा
(D) कर्पूरमञ्जरी

33. हिंदी निबंध के संबंध में निम्नलिखित में से ***असंगत*** विकल्प का चयन कीजिए :

(A) गुलाबराय – ठलुआ क्लब, मेरी असफलताएँ
(B) रघुवीर सिंह – श्रद्धांजलि के दो फूल, फिर निराशा क्यों
(C) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी – अतीत स्मृति, उत्सव
(D) बेचन शर्मा 'उग्र' – बुढ़ापा, गाली

34. सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' द्वारा रचित पुस्तक ***नहीं*** है :

(A) हिंदी साहित्य : एक आधुनिक परिदृश्य
(B) आत्मनेपद
(C) लोक जागरण और हिंदी साहित्य
(D) आलवाल

35. 'प्रगतिवाद ________________ की अभिव्यक्ति को ही रचना का उद्देश्य मानता है।' रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प है

(A) देश - भक्ति
(B) प्रकृति - सौन्दर्य
(C) सामाजिक यथार्थ
(D) आध्यात्मिकता

36. गोपालराम गहमरी जी ने अंग्रेज़ी के प्रसिद्ध जासूसी उपन्यासकार आर्थर कॉनन डॉयल से प्रभावित होकर उनके प्रसिद्ध उपन्या 'ए स्टडी इन स्कारलेट' का हिंदी रूपांतरण किया, उस उपन्यास का नाम था :

(A) अनूठी बेगम
(B) गोविंदराम
(C) गुप्त भेद
(D) जासूसी

37. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द हलन्त स्त्रीलिङ्ग है ?

(A) अप्
(B) पयस्
(C) गुणिन्
(D) कर्मन्

38. 'कामायनी : एक पुनर्विचार' किस लेखक द्वारा रचित है ?

(A) अज्ञेय
(B) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
(C) डॉ. रामविलास शर्मा
(D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल



Scanned with OKEN Scanner

**39.** अनंग हर्ष मातृराज द्वारा रचित नाटक है :

(A) उदात्तराघव
(B) अनर्घराघव
(C) आश्चर्य चूड़ामणि
(D) बालरामायण

**40.** निम्नलिखित में से कौन-सी पश्चिमी हिन्दी की बोली ***नहीं*** है ?

(A) कन्नौजी
(B) अवधी
(C) ब्रजभाषा
(D) बुंदली

**41.** सतना, रीवा, शहडोल इन क्षेत्रों में कौन-सी बोली प्रयुक्त की जाती है ?

(A) बघेली
(B) बुंदेली
(C) कन्नौजी
(D) खड़ी बोली

**42.** झर चुके तारक-कुसुम जब
रश्मियों के रजत-पल्लव,
सन्धि में आलोक-तम की
क्या नहीं नभ जानता तब,
पार से, अज्ञात वासन्ती
दिवस-रथ चल चुका है।

प्रस्तुत पंक्तियाँ महादेवी वर्मा के किस काव्य संग्रह से ली गई हैं ?

(A) दीपशिखा
(B) सांध्यगीत
(C) रश्मि
(D) नीहार

**43.** 'अक्षशौण्ड:' पद में समास है :

(A) कर्मधारय
(B) बहुव्रीहि
(C) तत्पुरुष
(D) अव्ययीभाव

**44.** निम्नलिखित में से कौन-से शब्द सदैव एक वचन में प्रयुक्त होते हैं ?

(A) दाम, अक्षत
(B) दर्शन, आँसू
(C) प्रत्येक, हरएक
(D) प्राण, लोग

**45.** 'गंध शत, अरविंद नंदन, विश्वनंद सार।
अखिल उर रंजन निरंजन, एक अनिल उदार ॥'

उपर्युक्त पंक्ति में काव्य का कौन-सा गुण है ?

(A) प्रसाद
(B) श्लेष
(C) माधुर्य
(D) ओज

**46.** बंगला-साहित्य के बारे में निम्नलिखित पंक्तियाँ किसने कहीं ?

"बंगभाषा में 'दुर्गेशनंदिनी' – प्रभृति शतश: उपन्यास एक-से-एक बढ़-चढ़ कर हैं। बंगदेशी जैसे और-और बातों में उत्साह और तरक्की के ओर-छोर तक पहुँचे हैं, वैसे ही नाटक और उपन्यास लिखने में किसी से कम नहीं हैं।"

(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) दामोदर मुकर्जी
(C) स्वर्ण कुमारी
(D) रमेशचंद्र दत्त



Scanned with OKEN Scanner

47. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (आत्मकथा) | | सूची II (लेखक) | |
|---|---|---|---|
| a. | मेरी जीवनधारा | i. | राकेश गुप्त |
| b. | अर्द्धकथा | ii. | डॉ. नगेन्द्र |
| c. | आत्मपरिचय | iii. | यशपाल जैन |
| d. | देखे सत्तर शरद वसंत | iv. | फणीश्वरनाथ 'रेणु' |

कूट :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-iv, b-iii, c-i, d-ii
(C) a-iii, b-iv, c-ii, d-i
(D) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

48. 'सम्' उपसर्ग किस शब्द में ***नहीं*** है ?

(A) संयम:
(B) सुगम:
(C) संसार:
(D) संवाद:

49. निम्नलिखित में से कौन-सी कृति रीतिकालीन कवि वृंद की ***नहीं*** है ?

(A) पवनपचीसी
(B) रतनहज़ारा
(C) यमक सतसई
(D) भावपंचाशिका

50. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना, मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित ***नहीं*** है ?

(A) प्रियप्रवास
(B) विष्णुप्रिया
(C) झंकार
(D) यशोधरा

51. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'धनुष' का पर्यायवाची शब्द ***नहीं*** है ?

(A) कोदंड
(B) विशिख
(C) चाप
(D) शरासन

52. यदि लक्षणा से निकलने वाले अर्थ में वाच्यार्थ भी सम्मिलित रहता है, तो कौन-सी लक्षणा शब्द शक्ति होती है ?

(A) उपादान-लक्षणा
(B) रूढ़ा-लक्षणा
(C) लक्षण-लक्षणा
(D) प्रयोजनवती-लक्षणा

53. 'निर्झर और पाषाण' गद्य काव्य के रचयिता हैं :

(A) रामप्रसाद विद्यार्थी 'रावी'
(B) राजनारायण मेहरोत्रा 'रजनीश'
(C) माखनलाल चतुर्वेदी
(D) तेजनारायण काक

54. निम्नलिखित में से किस नाटककार ने अपने नाटक में भारत-चीन युद्ध का व्यापक फलक लिया है ?

(A) चन्द्रगुप्त विद्यालंकार – न्याय की रात
(B) शिव प्रसाद सिंह – घंटियाँ गूंजती हैं
(C) गोविंद वल्लभ पंत – सुहाग-बिंदी
(D) हरिकृष्ण 'प्रेमी' – अमृत पुत्री



Scanned with OKEN Scanner

55. अहीर मात्रिक सम छन्द के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(A) ग्यारह
(B) दस
(C) बारह
(D) नौ

56. चित्रकाव्य का प्रयोग करने वाले संस्कृत के प्रथम कवि हैं :

(A) मम्मट
(B) कालिदास
(C) भवभूति
(D) भारवि

57. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (नाटक) | | सूची II (रचनाकार) | |
|---|---|---|---|
| a. | वीर जयमल | i. | वृंदावन लाल वर्मा |
| b. | सेनापति ऊदल | ii. | डॉ. राम कुमार वर्मा |
| c. | जौहर की ज्योति | iii. | कृष्णप्रकाश सिंह |
| d. | पन्ना | iv. | गंगा प्रसाद गुप्त |

कूट :

(A) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(B) a-iii, b-iv, c-ii, d-i
(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

58. 'उपत्यका' शब्द के लिए सही वाक्यांश होगा :

(A) तिनको से बना घर
(B) पर्वत के नीचे की भूमि
(C) क्षण में नष्ट होने वाला
(D) वह भूमि जिसमें कुछ भी न उपजता हो

59. 'आवारा मसीहा' किस विधा की रचना है ?

(A) जीवनी
(B) आत्मकथा
(C) उपन्यास
(D) रेखाचित्र

60. आचार्य दण्डी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा काव्य का भेद *नहीं* है ?

(A) रूपक
(B) गद्य
(C) मिश्र (चम्पू)
(D) पद्य

61. 'स्वच्छ' शब्द में संधि है :

(A) यण्
(B) दीर्घ
(C) गुण
(D) वृद्धि

62. किस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रमशः एक यगण, एक मगण; एक नगण, एक सगण, एक भगण और एक लघु तथा एक गुरु होते हैं ? यह सत्रह वर्णों का छन्द होता है।

(A) वसंततिलका
(B) प्रमिताक्षरा
(C) मालिनी
(D) शिखरिणी

8111141064

63. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** भारतेंदु-काल में रचित नाटकों को विषय एवं प्रवृत्ति-भेद के आधार पर पौराणिक, ऐतिहासिक, रोमानी, सामयिक उपादानों के आधार पर रचित, प्रहसन और प्रतीकवादी-इन वर्गों में रखा जा सकता है।

**तर्क (R) :** भारतेंदु काल में सर्वाधिक संख्या रोमानी नाटकों की है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु तर्क (R) सही है।

(B) अभिकथन (A) सही है, परंतु तर्क (R) ग़लत है।

(C) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परंतु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(D) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**64.** 'ज्ञान के उद्यान में' यात्रावृत्त के लेखक हैं :

(A) केदाररूप राय

(B) गणेशनारायण सोमानी

(C) शिवप्रसाद गुप्त

(D) सत्यदेव परिव्राजक

**65.** 'सतां सद्भिः संगः कथमपि हि पुण्येन भवति'

उपर्युक्त सूक्ति किस नाटक की है ?

(A) वेणीसंहारम्

(B) मालतीमाधवम्

(C) महावीरचरितम्

(D) उत्तररामचरितम्

**66.** निम्नलिखित में से कौन-सी भवानी प्रसाद मिश्र की कविता ***नहीं*** है ?

(A) वाणी की दीनता

(B) असाध्य वीणा

(C) कमल के फूल

(D) टूटने का सुख

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सा संस्मरणात्मक-रेखाचित्र संग्रह महादेवी वर्मा का ***नहीं*** है ?

(A) मेरा परिवार

(B) स्मारिका

(C) माटी की मूरतें

(D) पथ के साथी

**68.** रीतिमुक्त काव्यधारा के कवि ***नहीं*** हैं :

(A) द्विजदेव

(B) बोधा

(C) घनानंद

(D) नेवाज

**69.** 'इ' का उच्चारण स्थान है :

(A) कण्ठ्य

(B) मूर्धन्य

(C) कण्ठतालव्य

(D) तालव्य

**70.** ':-' यह कौन-सा विराम-चिह्न है ?

(A) विवरण

(B) निर्देशक

(C) अनुवृत्ति

(D) योजक

8111141064



Scanned with OKEN Scanner

71. 'मुझमें देव-जीवन का विकास' आत्मकथा के लेखक हैं :

(A) परमानंद
(B) स्वामी विवेकानंद
(C) स्वामी दयानंद
(D) सत्यानंद अग्निहोत्री

72. निम्नलिखित कहानियों को उनके प्रकाशन वर्ष के अनुसार कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. ग्यारह वर्ष का समय
II. दुलाईवाली
III. इंदुमति
IV. प्लेग की चुड़ैल

**विकल्प :**

(A) I, II, III, IV
(B) III, IV, I, II
(C) IV, III, II, I
(D) III, II, IV, I

73. वर्तनी की दृष्टि से सभी शुद्ध शब्दों वाला विकल्प है :

(A) सामर्थ, स्वालम्बन, सदृश्य
(B) यथेष्ठ, घनिष्ट, आरोग्ज्ञ
(C) स्वास्थ्य, सहस्र, प्रादुर्भाव
(D) श्राप, स्तीत्व, पाश्विक

74. निम्नलिखित में से हिन्दी पत्रकारिता में 'प्रथम उत्थान' (1826 – 1867) में प्रकाशित दैनिक पत्र कौन-सा है ?

(A) बंगदूत
(B) प्रजामित्र
(C) समाचार-सुधावर्षण
(D) उदंत मार्तंड

75. 'नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास इहिं काल।
अली कली ही सों बिंध्यो, आगे कौन हवाल ॥'
प्रस्तुत पंक्तियाँ किस रीति कालीन कवि की हैं ?

(A) बिहारी
(B) वृंद
(C) रसनिधि
(D) नेवाज

76. निम्नलिखित में से कौन-सा कालिदास द्वारा रचित नाटक है ?

(A) रघुवंश
(B) राक्षसकाव्य
(C) विक्रमोर्वशीय
(D) मेघदूत

77. निम्नलिखित में से निबंध व निबंधकारों से संबंधित सही विकल्प है :

(A) हमारी सांस्कृतिक एकता – जैनेन्द्र
(B) जड़ की बात – हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) विचार और वितर्क – रामधारी सिंह दिनकर
(D) युग और साहित्य – शान्तिप्रिय द्विवेदी

78. वियोगी हरि द्वारा रचित गद्य काव्य है :

(A) छायापथ
(B) अंतर्नाद
(C) तरलाग्नि
(D) प्रवाह

81111410064



Scanned with OKEN Scanner

79. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (कवि) | | सूची II (रचनाएँ) |
|---|---|---|---|
| a. | सुंदरदास | i. | ब्रजलीला |
| b. | मलूकदास | ii. | ज्ञानसमुद्र |
| c. | संत वीरभान | iii. | सब्बंगी |
| d. | रज्जब | iv. | बानी |

कूट :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(C) a-iii, b-ii, c-i, d-iv
(D) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

8111141064

80. निम्नलिखित रचनाओं में से भास की कौन-सी रचना रामायण मूलक है ?

(A) पंचरात्र
(B) प्रतिमा नाटक
(C) दूतवाक्य
(D) अविमारक

81. विलोम शब्द की दृष्टि से कौन-सा विकल्प असंगत है ?

(A) समूल – निर्मूल
(B) परार्थ – स्वार्थ
(C) अलिप्त – निर्लिप्त
(D) क्षर – अक्षर

8111141064

82. छायावादी काव्यधारा के अंतर्गत 'कलापी' काव्यसंग्रह के रचयिता हैं :

(A) गोपाल सिंह नेपाली
(B) मोहनलाल महतो 'वियोगी'
(C) आरसी प्रसाद सिंह
(D) जनार्दन प्रसाद झा 'द्विज'

83. 'आजन्म' ____________ समास का उदाहरण है।

(A) तत्पुरुष
(B) अव्ययीभाव
(C) कर्मधारय
(D) द्वंद्व

84. 'ज्योतिपुंज हिमालय' यात्रावृत्त के लेखक हैं :

(A) कन्हैयालाल नंदन
(B) विष्णु प्रभाकर
(C) श्यामसिंह शशि
(D) हरिकृष्ण देवसरे

8111141064

85. निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक जयशंकर प्रसाद का ***नहीं*** है ?

(A) स्वर्णविहान
(B) राज्यश्री
(C) कामना
(D) एक घूँट

86. रघुवंश महाकाव्य में कालिदास ने सूर्यवंश के राजाओं के वर्णन में कौन-सी वंशावली का अनुसरण किया है ?

(A) वायु पुराण तथा विष्णु पुराण में वर्णित
(B) ब्रह्म पुराण तथा शिव पुराण में वर्णित
(C) वाल्मीकि रामायण में वर्णित
(D) वाराह पुराण तथा वामन पुराण में वर्णित



Scanned with OKEN Scanner

87. 'केलिमाल' रचना निम्नलिखित में से किसकी है ?

(A) स्वामी हरिदास

(B) ध्रुवदास

(C) नेही नागरीदास

(D) हरिराम व्यास

88. किसी घटना या घटनाओं का ऐसा वर्णन जिसका वस्तुगत सत्य पाठक को प्रभावित कर सके, ________ कहलाता है।

(A) संस्मरण

(B) डायरी

(C) आत्मकथा

(D) रिपोर्ताज

89. निम्नलिखित में से किस कवि की रचनाएँ द्विवेदी युग के अंतर्गत ***नहीं*** रखी जाती हैं ?

(A) श्रीधर पाठक

(B) अम्बिकादत्त व्यास

(C) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'

(D) राय देवीप्रसाद 'पूर्ण'

90. 'पुस्तक जल्हन हत्थ दै चलि गज्जन नृप-काज।' – इस पंक्ति में 'पुस्तक' का तात्पर्य निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक से है :

(A) परमाल रासो

(B) पृथ्वीराज रासो

(C) हम्मीर रासो

(D) बीसलदेव रासो

91. "मैं सोचता हूँ कि पुराने की यह अधिकार-लिप्सा क्यों नहीं समय रहते सावधान हो जाती ? जरा और मृत्यु, ये दोनों ही जगत के अतिपरिचित और अतिप्रामाणिक सत्य हैं।"

प्रस्तुत पंक्तियाँ हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के किस निबंध से ली गई हैं ?

(A) आलोक पर्व

(B) शिरीष के फूल

(C) कल्पलता

(D) कुटज

92. वह धीरता कहाँ है गंभीरता कहाँ है ?

वह वीरता हमारी है वह कहाँ बड़ाई ?

क्या हो गयीं कलाएँ कौशल सभी हमारे ?

किसने शताब्दियों की ली छीन सब कमाई ?

प्रस्तुत पंक्तियाँ द्विवेदी-युग के किस कवि की हैं ?

(A) रामनरेश त्रिपाठी

(B) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(C) ठाकुर गोपालशरण सिंह

(D) बाल मुकुंद गुप्त

93. 'पंत और पल्लव' कृति में पंत की कविताओं का उद्धरण देकर उनकी त्रुटियों का निर्देश किस आलोचक कवि ने किया ?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(D) डॉ. नगेन्द्र

94. निम्नलिखित में से कौन-सा गंगाप्रसाद श्रीवास्तव का हास्य-व्यंग्य प्रधान नाटक ***नहीं*** है ?

(A) गड़बड़झाला

(B) भूलचूक

(C) दुमदार आदमी

(D) वरमाला

81111411064



Scanned with OKEN Scanner

95. 'ध्रुवचरित' ग्रंथ के रचनाकार हैं :

(A) दादूदयाल
(B) जम्भनाथ
(C) मलूकदास
(D) लालदास

96. नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किए गए हैं। इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** अज्ञेय में संवेदना के साथ एक सजग बौद्धिकता है।

**कारण (R) :** अज्ञेय की कविताओं में जो स्वर-वैविध्य दिखायी पड़ता है, उसका कारण बहुत-कुछ उनकी बौद्धिकता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(C) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।
(D) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

97. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य चुनिए :

(A) अंधेरी रात में कुत्ते जोर से चिल्ला रहे थे।
(B) अपराधी को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई।
(C) कालचक्र के पहिए से बचना संभव नहीं है।
(D) उसने हाथी पर हौदा रख दिया।

98. पहले किसी वस्तु का महत्त्व दिखा कर बाद में उसकी हीनता सूचित की जाए अथवा पहले हीनता दिखाकर फिर उसकी महत्ता वर्णित की जाए वहाँ कौन-सा अर्थदोष होता है ?

(A) दुष्क्रमत्व
(B) अपुष्टार्थत्व
(C) कष्टार्थत्व
(D) व्याहतत्व

99. निम्नलिखित में से सिद्ध साहित्य से संबंधित कौन-सा विकल्प सही ***नहीं*** है ?

(A) शबरपा-चर्यापद
(B) डोम्भिपा-डोम्बिगीतिका
(C) सरहपा-दोहाकोश
(D) कण्हपा-योगचर्या

100. निम्नलिखित में से कौन-सा निबंध बालकृष्ण भट्ट का ***नहीं*** है ?

(A) परीक्षा
(B) राजा और प्रजा
(C) बाल-विवाह
(D) खटका

101. निम्नलिखित में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :

(A) दिवारात्रि
(B) तिलांजली
(C) पत्नि
(D) क्षिति

102. 'विज्ञानगीता' किस कवि की रचना है ?

(A) केशवदास
(B) सेनापति
(C) नाभादास
(D) नरहरि बारहट

8111410064
Scanned with OKEN Scanner

103. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(A) एक वर्ण या वर्ण समूह के तीन या उससे अधिक बार आने पर वृत्यानुप्रास अलंकार होता है।

(B) जहाँ मुख के एक ही उच्चारण स्थान से उच्चारित होने वाले वर्णों की आवृत्ति होती है वहाँ अंत्यानुप्रास अलंकार होता है।

(C) जब कोई शब्द दो या दो से अधिक बार आए और अर्थ प्रत्येक बार एक ही हो, परन्तु अन्वय करने पर प्रत्येक बार अर्थ भिन्न हो तो लाटानुप्रास अलंकार होता है।

(D) सार्थक अथवा निरर्थक भिन्न अर्थवाले वर्ण-समुदाय की क्रमश: आवृत्ति या पुन: श्रवण को यमक अलंकार कहते हैं।

104. निम्नलिखित में से महावीर प्रसाद द्विवेदी जी द्वारा रचित संस्मरण ***नहीं*** है :

(A) विज्ञानाचार्य बसु का विज्ञान-मंदिर

(B) अनुमोदन का अंत

(C) सभा की सभ्यता

(D) इधर-उधर की बातें

105. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कब नियुक्त हुए ?

(A) 1905

(B) 1902

(C) 1904

(D) 1903

106. 'लंका-यात्रा का विवरण' (1916) यात्रावृत्त के लेखक हैं :

(A) देवीप्रसाद खत्री

(B) श्रीधर पाठक

(C) गोपालराम गहमरी

(D) स्वामी मंगलानंद

107. 'का करियै तुम्हरे मन कौ जिनकौ अब लौं न मिटी दगा दीबौ।
पै हम दूसरो रूप न देखिहैं आनन आन कौ नाम न लीबौ ॥'
प्रस्तुत पंक्तियाँ किस रीतिमुक्त कवि की हैं ?

(A) बोधा

(B) घनानंद

(C) ठाकुर

(D) आलम

108. निम्नलिखित में से कौन-सा गद्य काव्य संग्रह राय कृष्णदास का ***नहीं*** है ?

(A) प्रवाल

(B) साधना

(C) तरंगिणी

(D) संलाप

109. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना पुष्पदंत कवि की ***नहीं*** है ?

(A) संदेशरासक

(B) महापुराण

(C) णयकुमार-चरिउ

(D) जसहर-चरिउ

110. निम्नलिखित में से आदिकालीन जैन साहित्य की रचना ***नहीं*** है :

(A) चंदनबालारास

(B) भरतेश्वर-बाहुबली रास

(C) भक्तमाल

(D) श्रावकाचार

8111410640



Scanned with OKEN Scanner

111. 'मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक पत्थर में
चमकता हीरा है
हर एक छाती में आत्मा अधीरा है
प्रत्येक सुस्मित में विमल सदानीरा है
मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक वाणी में
महाकाव्य – पीड़ा है
उपर्युक्त 'नई कविता' की पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) शमशेरबहादुर सिंह
(B) अज्ञेय
(C) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
(D) भवानीप्रसाद मिश्र

8111141064

112. 'सा लेखन्या लिखति' यहाँ 'लेखन्या' पद में कौन-सी विभक्ति है ?

(A) तृतीया
(B) द्वितीया
(C) सप्तमी
(D) पञ्चमी

113. 'मेरे प्राथमिक जीवन की स्मृतियाँ' संस्मरण के रचयिता हैं :

(A) शिवराम पांडेय
(B) वृंदावन लाल वर्मा
(C) शिवनारायण टंडन
(D) इलाचंद्र जोशी

114. किस शब्द शक्ति में पाठक या श्रोता वास्तविक अर्थ ग्रहण करते हैं ?

(A) अभिधा
(B) व्यंजना
(C) रूढ़ा-लक्षणा
(D) लक्षणा

115. किस अलंकार में आदर, आश्चर्य, भय, घृणा, शोक और हर्ष आदि भावों को प्रकट करने के लिए एक ही शब्द का प्रयोग बार-बार किया जाता है, जिससे उन भावों को बल मिलता है ?

(A) वीप्सा
(B) श्लेष
(C) वक्रोक्ति
(D) यमक

116. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही *नहीं* है ?

(A) ब्रजभाषा – धौलपुर
(B) भोजपुरी – बस्ती
(C) बुंदेली – बदायूं
(D) खड़ी बोली – सहारनपुर

117. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र मैथिली बोली का है ?

(A) पूर्णिया
(B) गया
(C) गोरखपुर
(D) पटना

118. 'गर्भरंडा-रहस्य' व्यंग्य कविता के रचनाकार हैं :

(A) नाथूराम शर्मा 'शंकर'
(B) बालमुकुन्द गुप्त
(C) जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी
(D) ईश्वरी प्रसाद शर्मा



Scanned with OKEN Scanner

119. 'शशि मुख पर घूँघट डाले
अंचल में दीप छिपाये।
जीवन की गोधूली में।
कौतूहल से तुम आये।'
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस छन्द का उदाहरण हैं ?
(A) तोमर
(B) राधिका
(C) अहीर
(D) मानव

120. निम्नलिखित में से कार्तिक प्रसाद खत्री द्वारा रचित जीवनी *नहीं* है :
(A) अहिल्या बाई का जीवन-चरित्र
(B) छत्रपति शिवाजी का जीवन-चरित्र
(C) नेपोलियन बोनापार्ट का जीवन-चरित्र
(D) मीराबाई का जीवन-चरित्र

121. 'सब धान बाईस पंसेरी' लोकोक्ति का अर्थ है :
(A) सामर्थ्यवान व्यक्ति को कोई कुछ नहीं कहता
(B) बुराई को बुराई से ही जीता जा सकता है
(C) अच्छे बुरे की परख न कर सबको समान समझना
(D) बिना किसी नुकसान के कार्य पूर्ण होना

122. निम्नलिखित में से भारतेंदु युगीन कवि तथा उनकी रचनाओं का सही मिलान *नहीं* है :
(A) अंबिकादत्त व्यास – पावस पचासा
(B) जगन्मोहन सिंह – मयंक-महिमा
(C) प्रतापनारायण मिश्र – प्रेम पुष्पावली
(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' – आनंद अरुणोदय

123. 'कपि करि हृदय विचारि,
दीन्हि मुद्रिका डारि तब।
जनु अशोक अंगार, दीन्ह
हरषि उठि कर गहेउ॥'
इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?
(A) भ्रांतिमान
(B) रूपक
(C) उपमा
(D) सन्देह

124. 'धनं लभमानः त्वं प्रसन्नः असि' यहाँ 'लभमानः' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है ?
(A) शानच्
(B) तव्य
(C) शतृ
(D) अनीयर्

125. 'भौंहनि त्रासति, मुख नटति, आँखिन सौं लपटाति।
ऐंचि छुड़ावति ईंचि कर, आगे आवति जाति॥'
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा रस है ?
(A) हास्य
(B) श्रृंगार
(C) करुण
(D) शांत

81111141064
Scanned with OKEN Scanner